(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि वन क्षेत्रों में खनन संबंधी अधिकांश ठेके अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और पिछड़े वर्गों से संबंधित व्यक्तियों को प्रदान किए गए हैं?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) और (ख) पर्यावरण और वन मंत्रालय ने हाल ही में इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रारूप जारी किया है, जिसमें प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन कार्य करने में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति से इस संबंध में आपत्तियां मांगी गई हैं, ताकि इस बारे में अंतिम निर्णय लेने से पहले वह मंत्रालय उन पर विचार कर सके।

(ग) खनन पट्टे/ठेके संबंधित राज्य सरकारों द्वारा दिए जाते हैं। भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जानकारी नहीं रखी जा रही है।

Functioning of Indian Bureau of Mines

2122. SHRI V. HANUMANTHA RAO : Will the Minister of MINES be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Bureau of Mines has embarked on a programme to give .consultancy on Com mercial basis to private parties;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether IBM done any internal study on is own functioning;

(d) if so, the details on the assessment of the functioning;

(e) whether corruption has permeated all aspects of IBM functioning: and

(f) what steps did the consultancy division of IBM suggest to eliminate delays and corruption in IBM with regard to grant of mining licences ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) and (b) The Indian Bureau of Mines (IBM) has a [Techn'cal Consultancy Cell, which pro-/ides Technical Consultancy Services on suitable terms both to Private as well as Public Sector units in the fields of Geo-ogy, Mining, Ore Dressing, Market Survey, Financial Analys's etc. The Consultancy is provided on payment of prescribed charges at different rates for small and large mines as approved by the *Gov* ernment

(c) and (d) : The performance of IBM is reviewed infernally on a regular basis. The performance of the Bureau is also reviewed by the IBM Advisory Beard constituted by the Government.

(e) Some complaints have been received in the past, many of them anony-mous|pseudonymous mostly relating to approval of mining plans, inspection ot mines etc. All the complaints received were enquired into and they were found to be either of a general nature or lacking in material information or proof necessary for establishing the allegations.

(f) As IBM does not issue mining leases or licences, the question does not arise.

हीरों का उत्पादन

2123 श्री अजीत जोगी : श्री छोटूभाई पटेल : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में हीरों के उत्पादन में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान इनके उत्पादन के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए है ?

खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) सरकारी क्षेत्र उपक्रम, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने,